ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांक C/IQAC/19377/24 दिनांक 11/12/2024

H. C
NKO
14/12/24

सेवा में,
सभी प्रधानाचार्य
अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालय
ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा

विषय: Digilocker के पोर्टल पर अपलोड किये गए मूल प्रमाण-पत्र डाउनलोड करने एवं ABC/APAAR ID बनाने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार सूचनीय है कि स्नातक (प्रतिष्ठा) सत्र 2018-21, 2019-22, 2020-23 के सफल छात्र-छात्राओं का मूल प्रमाण-पत्र digilocker पर अपलोड कर दिया गया है । अपलोड किये गए डाटा को परीक्षा विभाग द्वारा जांच की जा रही है । जांचोपरांत अपलोड किये गए डाटा को लाइव (Live) करने हेतु आग्रह पत्र **Digilocker** के राज्य नोडल पदाधिकारी को प्रेषित किया जायेगा, तभी उक्त सत्र के छात्र-छात्रा **Digilocker** से अपना मूल प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकते हैं ।

ध्यातव्य हो कि **Digilocker** से मूल प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए परीक्षा प्रपत्र में जो नाम अंकित है, वही नाम छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड में अंकित होना आवश्यक है। यदि इसमें किसी प्रकार की भिन्नता है तो वे अपने स्तर से आधार कार्ड अपडेट करा लें ।

यह भी सूचनीय है कि सत्र 2023-27 स्नातक (प्रतिष्ठा) में नामांकित ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने APAAR ID अभी तक नहीं बनाया है वे यथाशीघ्र बना लें । ज्ञातव्य हो कि उक्त सत्र के विद्यार्थियों के द्वारा विश्वविद्यालय परीक्षा में अर्जित क्रेडिट को **Digilocker** के ABC Portal पर अपलोड करने के लिए ABC/APAAR ID होना अनिवार्य है । ABC/APAAR ID बनाते समय विद्यार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा प्रपत्र एवं आधार कार्ड में उनके नाम में समानता हो अन्यथा वे अपने आधार कार्ड को अपडेट करा लें नहीं तो वैसे विद्यार्थियों का अर्जित क्रेडिट ABC Portal पर अपलोड नहीं हो सकेगा ।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय ।

11/12/24

(डॉ० विनोद कुमार ओझा)
परीक्षा नियंत्रक
-सह-
फाइनल वैलीडेटर/अप्रोवर, वि० वि० नैड सेल

Pawan
11/12/24